मासिक समाचार पत्र

हरियाणा का पैगाम

हिन्दी समाचार पत्र

Registration No.: HRHIN/26/A3461

यमुनानगर से प्रकाशित समाचार पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।

मुख्य संपादक : सत्यम नागपाल

367-F, PROFESSORCOLONY, YAMUNA NAGAR-135001 (HARYANA) • Mob. 93155-55560, 93557-77739, 93550-09777

वर्ष-01/ अंक 02, पृष्ठ -04 | यमुनानगर, शनिवार 01 अगस्त, 2026 | Email: haryanakapaigam@gmail.com | मूल्य : 10:00 प्रति कॉपी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एमएसएमई एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2026 का किया विमोचन

मेक इन इंडिया— मेक इन हरियाणा को केंद्र बिंदु मान बनी है एमएसएमई पॉलिसी

उद्योगों को प्रोत्साहन के लिए एमएसएमई निदेशालय का गठन

हरियाणा का पैगाम,सत्यम नागपाल : चंडीगढ़। हरियाणा के विकास के 60 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को करनाल में हरियाणा प्रोग्रेसिव एमएसएमई एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2026 का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के उद्यमियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री राव नरबीर सिंह सहित जनप्रतिनिधि,



औद्योगिक एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह मुख्यमंत्री को सम्मानित करते हुए।

उद्योग जगत के प्रतिनिधि, एमएसएमई, निर्यातक, वित्तीय संस्थानों एवं उद्योग संघों के प्रतिनिधि तथा हरियाणा और पड़ोसी राज्यों से आए उद्यमी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा अपनी विकास यात्रा के सातवें दशक में प्रवेश कर रहा है। यह अवसर प्रदेश की छह दशकों की विकास यात्रा को याद करने के साथ-साथ भविष्य के लिए नए संकल्प लेने का भी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने उद्यमशीलता के बल पर देश की अग्रणी विनिर्माण अर्थव्यवस्थाओं में अपनी पहचान बनाई है और अब प्रदेश को औद्योगिक विकास के अगले चरण की ओर ले जाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसी भी राज्य की वास्तविक ताकत वहां के उद्यमियों से बनती है, जो अपने सपनों को उद्योग, परिश्रम को उत्पादन और साहस को रोजगार में बदलते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि उद्यमियों को ऐसा वातावरण मिले, जहां उन्हें अपने व्यवसाय को स्थापित करने, विस्तार देने और आगे बढ़ाने के लिए विश्वास और बेहतर अवसर प्राप्त हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रोग्रेसिव एमएसएमई एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2026 प्रदेश के एमएसएमई क्षेत्र को नई दिशा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नीति के माध्यम से उद्यमियों के लिए वित्त, औद्योगिक अवसंरचना, तकनीक, निर्यात, कौशल और बाजार तक पहुंच को मजबूत करने पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसा औद्योगिक एवं कारोबारी पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है, जहां नवाचार को प्रोत्साहन मिले, नए उद्यम स्थापित हों और रोजगार के अवसरों का विस्तार हो। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि उद्योग केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहें, बल्कि प्रदेश के हर जिले और हर क्षेत्र की पहचान बनें। अवसरों का लाभ प्रदेश के अंतिम उद्यमी तक पहुंचे और स्थानीय **प्रतिभा एवं संसाधनों को विकास की नई शक्ति में बदला जा सके।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा केवल निवेश का केंद्र नहीं, बल्कि नवाचार, रोजगार और विश्वास की राजधानी बने, यही सरकार का संकल्प है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में प्रदेश का कोई भी युवा अवसरों के लिए बाहर जाने की आवश्यकता महसूस नहीं करेगा, बल्कि गर्व से कहेगा कि अवसर भी हरियाणा में हैं और भविष्य भी हरियाणा में है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह नई नीति 'मेक इन इंडिया' और 'मेक इन हरियाणा' को केंद्र में रखकर तैयार की गई है।

लघु सचिवालय, एसडीएम कार्यालय लाडवा, पिहोवा, शाहाबाद में 17 अगस्त तक चलेगी प्रदर्शनी :डी.सी. विश्राम कुमार मीणा



जानकारी देते जिला उपायुक्त

हरियाणा का पैगाम,सत्यम नागपाल : कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला में हर घर तिरंगा अभियान का जन भागीदारी के साथ आगाज हो गया है। यह अभियान 17 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम होंगे। वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन भी होगा और 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस आयोजित होगा। जिला में चार जगहों पर प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इनमें लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय, उपमंडल कार्यालय लाडवा, उपमंडल कार्यालय पिहोवा, उपमंडल कार्यालय शाहाबाद शामिल है। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के प्रतीक हमारे राष्ट्रीय गौरव तिरंगे के प्रति सम्मान प्रकट करने और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान के तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा केवल एक सरकारी या प्रशासनिक आयोजन न होकर एक व्यापक जन-आंदोलन है, जिसका उद्देश्य हर नागरिक के दिल में राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव जगाना है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान आगामी 17 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। साथ ही जिला में चार स्थानों पर प्रदर्शनी भी लगेगी, जिसमें आजादी के आंदोलन की झलकियां देखने को मिलेंगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिला के लोगों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ हर घर तिरंगा डाट कॉम पोर्टल पर अपनी सेल्फी अपलोड करें। इसके बाद उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।

जिला उपायुक्त प्रीति ने ली रोड सेफ्टी बैठक, अधिकारियों को दिए सड़क सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश

हरियाणा का पैगाम,सत्यम नागपाल : यमुनानगर। उपायुक्त प्रीति ने जिला स्तरीय रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक में जिला की सड़क सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम प्रभावी ढंग से उठाए जाएं तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस बैठक में सड़क एवं यातायात के नियमों पर गहनता से विचार किया गया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके व लोगों की जान बचाई जा



रोड़ सेफ्टी की बैठक में अधिकारियों की बैठक लेती जिला उपायुक्त प्रीति ।

सकें। उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान कर वहां आवश्यक सुधार कार्य करवाए जाएं। सड़कों पर यातायात संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, रोड मार्किंग तथा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सड़कों एवं यातायात व्यवस्था से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाए। विशेष रूप से तेज गति, बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वालों पर निगरानी रखी जाए और ऐसे वाहनों का चालान कर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाए। उपायुक्त प्रीति ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों, शिक्षण संस्थानों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों के आसपास सड़क सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को यातायात नियमों का पालन कर इसमें अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोड सेफ्टी से जुड़े सभी कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा की जाए और निर्धारित समय सीमा में लंबित कार्यों को पूरा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधी विभाग यह अवश्य सुनिश्चित करें कि उनके विभागों के कारण कोई सड़क दुर्घटना में होने पाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर व अमूल्य जिंदगियों को बचाकर अपनी दैनिक ड्यूटी करते समय पुण्य के भागीदार बन सकते है। इसके अतिरिक्त बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात सुरक्षा के अनेकों विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने आईएमए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पीएम राहत योजना के तहत सभी डॉक्टर सहयोग करें।

सिर्फ एक इंस्टॉल..और उड़ गए लाखों!

एपीके फाइलों से हो रही खतरनाक साइबर ठगी : एस.पी. कमलदीप गोयल



हरियाणा का पैगाम,सत्यम नागपाल : यमुनानगर। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स अब साइबर ठगों के सबसे पसंदीदा हथियार बनते जा रहे हैं। एक क्लिक में कमाई का सपना दिखाकर ठग लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। जिले में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल आईपीएस ने एक महत्वपूर्ण साइबर एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी खुद को बैंक अधिकारी, तकनीकी सहयोगी, कस्टमर केयर एजेंट, या फिर जान पहचान का व्यक्ति बताकर पहले भरोसे में लेते हैं। इसके बाद लोन ऐप, गेम या इनाम के नाम पर एक एपीके फाइल भेजी जाती है, जिसे डाउनलोड करते ही ठगों को पीड़ित के मोबाइल की पूरी पहुंच मिल जाती है। एपीके एंड्रोयड पैकेज किट वह फॉर्मेट है, जिसके माध्यम से एंड्रॉइड डिवाइस में ऐप्स इंस्टॉल किए जाते हैं। जब यह फाइल किसी अज्ञात या संदिग्ध स्रोत से आती है, तो उसमें छिपा मैलवेयर (वायरस) मोबाइल में घुसकर संवेदनशील जानकारी चुरा लेता है। यह वायरस मोबाइल के कैमरा, माइक्रोफोन, गैलरी, कॉन्टैक्ट लिस्ट, बैंक ऐप्स की जानकारी एक्सेस कर लेता है। कई मामलों में साइबर ठग पीड़ित के मोबाइल का रिमोट एक्सेस भी हासिल कर लेते हैं और लाइव निगरानी करते हुए खाते से रकम ट्रांसफर कर देते हैं। अक्सर पीड़ित को तब तक भनक नहीं लगती जब तक उनके खाते से लाखों रुपये साफ नहीं हो जाते। उन्होंने बताया कि हाल ही में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां लोगों को फ्री गेम, इंस्टेंट लोन और ऑनलाइन कमाई जैसे प्रलोभन देकर एपीके फाइल इंस्टॉल करवाई गई और फिर लाखों रुपये की ठगी की गई। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने नागरिकों से अपील की है कि वे डिजिटल दुनिया में सावधानी और समझदारी से कदम बढ़ाएं।





सभी देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



Baalwinder Singh, Director, Haryana Ka Pegam News Paper
Nitin Nagpal, CEO
Shallu Nagpal, Sub Editor, Yamuna Nagar
Harsh Kapoor, State Head, Madhya Pradesh
Manisha Kapoor, Sub Editor, Madhya Pradesh
Adv. Reeta Khanwar, Legal Advisor
Adv. Sahab Singh Gurjar, Legal Advisor
Dr. Lalit Kumar, Lawyer, Legal Advisor
Adv.Santosh Sharma, Legal Advisor
Pawan Uppal, Bureau Chief
Sanjeev Obroi, Editorial Advisor

पीआईबी चंडीगढ़ द्वारा झज्जर में सरकारी योजनाओं पर 'वार्तालाप' का हुआ आयोजन

हरियाणा का पैगाम, शालू नागपाल :



चंडीगढ़। सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में 'वार्तालाप' महत्वपूर्ण माध्यम- उपायुक्त वर्षा खांगवा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एकजुटता और सकारात्मक दृष्टिकोण जरूरी एडीसी जग निवासमीडिया सरकारी योजनाओं व स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में निभाए महत्वपूर्ण भूमिका- एसडीएम रवि मीणा 2017 से अब तक करीब 35 हजार लाभार्थियों ने उठाया प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ झज्जर/चंडीगढ़, 12 अगस्त। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), चंडीगढ़ द्वारा बुधवार को झज्जर में केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं पर मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी पहलों की जानकारी मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाना तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ झज्जर की उपायुक्त वर्षा खांगवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त जग निवास, एसडीएम रवि मीणा, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी नेहा दहिया, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एसडीओ जगजीत सिंह सांगवान, वन विभाग से आशीष कादियान, पीआईबी चंडीगढ़ के मीडिया एवं संचार अधिकारी अहमद खान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपायुक्त वर्षा खांगवाल ने कहा कि 'वार्तालाप' भारत सरकार, राज्य सरकार, जिला प्रशासन और मीडिया के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जमीनी स्तर पर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सके।

उन्होंने जागरूकता बढ़ाने और जनभागीदारी को मजबूत करने में मीडिया, विशेषकर सोशल मीडिया, की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया दूरदराज के क्षेत्रों के मुद्दों को सामने लाने और सूचनाओं को तेजी से साझा करने का प्रभावी माध्यम है, लेकिन फेक न्यूज और भ्रामक सूचनाओं से समाज में भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है। इसलिए किसी भी सूचना को प्रसारित करने से पहले उसके प्रामाणिक एवं विश्वसनीय स्त्रोत से सत्यापन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर में 15 दिवसीय सीड बॉल अभियान आयोजित



हरियाणा का पैगाम, बलविन्द्र सिंह :

यमुनानगर। गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर के जीवन विज्ञान विभाग एवं एनएसएस इकाई ने नेशनल एडु ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सहयोग से सस्टेनेबल कैंपस के लिए सीड बॉल विषय पर 24 जुलाई से 8 अगस्त 2026 तक 15 दिवसीय अभियान आयोजित किया। डॉ. वरिंदर गांधी, निदेशक तथा डॉ. सुखविंदर कौर, प्राचार्या ने अभियान की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान 84 विद्यार्थियों और 9 शिक्षकों ने 620 सीड बॉल तैयार कीं। 7 अगस्त को पोस्टर मेकिंग, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता फैलाई गई। 8 अगस्त को ग्रीन रैली के साथ अभियान का समापन हुआ, जिसमें 110 विद्यार्थियों ने यमुनानगर के विभिन्न क्षेत्रों में सीड बॉल वितरित कीं। अभियान में श्रीमती तरनदीप कौर, श्रीमती दीपिका शर्मा, श्रीमती रुही ग्रेवाल, डॉ. रविंदर कौर, डॉ. मंदीप कौर, सुश्री रितु, श्रीमती रिती, सुश्री पल्लवी एवं सुश्री अंशुल ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

डॉ. निर्मल सिंह को दूसरी बार मिली प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी



हरियाणा का पैगाम, दीपक नरुला :

यमुनानगर। बहुजन समाज पार्टी ने डॉ. निर्मल सिंह को दूसरी बार हरियाणा प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। इस विश्वास के लिए उन्होंने बीएसपी प्रमुख एवं चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं आदरणीय बहन मायावती जी का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह जानकारी आदरणीय श्री सी.पी. सिंह जी, केंद्रीय राज्य प्रभारी हरियाणा ने हरियाणा प्रदेश के जोन नंबर-1 की समीक्षा बैठक पंचायत भवन अंबाला सिटी में दी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य प्रभारी आदरणीय डॉ. मेघराज जी भी उपस्थित रहे। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने तथा बहुजन समाज पार्टी के मिशन और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने श्री रामजी गौतम जी, सांसद राज्यसभा, श्री सी.पी. सिंह जी, डॉ. मेघराज जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री कृष्ण जमालपुर जी सहित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। मीटिंग के तत्पश्चात रसड़ा विधानसभा बलिया उत्तर प्रदेश के बसपा विधायक श्री उमा शंकर जी हाल ही में हुए परिनिर्वाण पर श्रद्धांजलि अर्पित की

सखी तीज हाट में गूंजी बाल संरक्षण की आवाज, मिशन वात्सल्य की योजनाओं से आमजन को किया जागरूक

हरियाणा का पैगाम, संजीव ओबरॉय :



यमुनानगर। सखी तीज हाट के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मिक्षा रंगा के कुशल मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई, यमुनानगर द्वारा मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं बाल संरक्षण सेवाओं को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। हाट में लगाए गए जागरूकता स्टॉल के माध्यम से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को मिशन वात्सल्य की योजनाओं, बाल अधिकारों तथा बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जागरूकता स्टॉल पर रंजन शर्मा, लीगल अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, के साथ गुरप्रीत सिंह एवं ललिता दत्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। तीनों ने स्टॉल पर आने वाले लोगों से संवाद करते हुए उन्हें मिशन वात्सल्य के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न योजनाओं एवं बाल संरक्षण सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा जरूरतमंद बच्चों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आमजन को जागरूक किया। इस दौरान पैम्फलेट, बुकलेट एवं स्टैंडी के माध्यम से योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई गई। आमजन को बताया गया कि बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का लाभ पात्र बच्चों एवं परिवारों तक पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। लोगों को बच्चों से संबंधित किसी भी समस्या या आवश्यकता के समय संबंधित विभाग एवं बाल संरक्षण तंत्र से संपर्क करने के लिए भी प्रेरित किया गया। रंजन शर्मा, लीगल अधिकारी, ने बताया कि सार्वजनिक आयोजनों में इस प्रकार के जागरूकता स्टॉल लगाने का उद्देश्य मिशन वात्सल्य की योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जब आमजन को योजनाओं एवं बाल संरक्षण सेवाओं की सही जानकारी होगी, तभी जरूरतमंद बच्चों को समय पर सहायता और संरक्षण उपलब्ध करवाया जा सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान श्री श्याम सिंह राणा, कैबिनेट मंत्री, हरियाणा सरकार तथा उपायुक्त यमुनानगर श्रीमती प्रीति ने भी जागरूकता स्टॉल का दौरा किया। इस अवसर पर रंजन शर्मा, गुरप्रीत सिंह एवं ललिता दत्ता द्वारा उन्हें मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। स्टॉल पर पहुंचे लोगों ने भी मिशन वात्सल्य की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही बाल संरक्षण सेवाओं के बारे में अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। जागरूकता सामग्री के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाने के साथ-साथ उसे अन्य लोगों तक पहुंचाने के लिए भी प्रेरित किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई की इस पहल का मुख्य उद्देश्य बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाना तथा जरूरतमंद बच्चों एवं परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। सखी तीज हाट जैसे बड़े सार्वजनिक आयोजन के माध्यम से मिशन वात्सल्य का संदेश बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचा, जिससे बाल संरक्षण के प्रति सामुदायिक भागीदारी को और मजबूत करने में मदद मिली।

रिचा पाहवा का पार्षद से हरियाणा प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष तक का सफर

हरियाणा का पैगाम, शालू नागपाल :



यमुनानगर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऋचा पाहवा ने वर्ष 2016 में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। वर्ष 2017 में वह पहली बार पार्षद निर्वाचित हुईं। इसके बाद वर्ष 2020 में उन्हें बराड़ा नगर पालिका का चेयरमैन चुना गया। उनकी लगन, मेहनत और कुशल कार्यशैली को देखते हुए पार्टी ने उन्हें जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी। इसके बाद उन्होंने महिला मोर्चा विधानसभा प्रभारी के रूप में भी अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया और आगे चलकर प्रदेश सचिव का दायित्व भी संभाला। गठन को मजबूत करने, महिलाओं को राजनीति में आगे लाने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी से जोड़ने में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं तथा उनके समर्पण, मेहनत और संगठन के प्रति निष्ठा की सराहना की है।

अग्रवाल वैश्य महिला संगठन ने हर्षोल्लास से मनाया तीज महोत्सव

हरियाणा का पैगाम, साक्षी ओबरॉय :



यमुनानगर। अग्रवाल वैश्य महिला संगठन की ओर से तीज महोत्सव का भव्य एवं रंगारंग आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में संगठन की महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पारंपरिक वेशभूषा में तीज की खुशियों को और खास बनाया।कार्यक्रम की शुरुआत अग्रसेन जी महाराज की पूजा एवं मंगल गीतों के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं ने विभिन्न मनोरंजक खेलों, नृत्य, गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। तीज के पारंपरिक झूले और मेहंदी कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।महिलाओं ने हरे रंग की खूबसूरत पोशाकों और पारंपरिक श्रृंगार में सजकर तीज की संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संगठन की पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को आगे बढ़ाने तथा आपसी प्रेम और सौहार्द को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में निशा, सोनिया, रुचि, एकता, अनु, आरती, निधि, डॉली बंसल, निधि, मोहिनी, अंजू सहित शहर की जानी-मानी महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सिमरन बंसल को मिस तीज का खिताब दिया गया।









एन.के प्रोडक्शंस द्वारा मनाया गया तीज त्यौहार

हरियाणा का पैगाम,नितिन नागपाल :

यमुनानगर। एन. के प्रोडक्शंस जिसकी फाउंडर नेहा खन्ना जी है जिनके पहले भी बहुत भव्य इवेंट्स हुए है और इस बार भी नेहा खन्ना ने किया इस बार भी धमाका ट्राइसिटी का सबसे बड़ा तीज़ त्योहार का किया गया । भव्य सीरत कौर, आयोजन तीया दिला दिया में पहुंची 250+ महिलाओं ने लिया भाग 5 तीज क्वीन निकाली गई। सारी महिलाओं को दिये हुए सिंधारा और रिटर्न गिफ्ट्स। जैसे कि आप सब जानते ही है कि तीज पंजाब और हरियाणा में बहुत धूम धाम से मनाई जाती है। सभी महिलाओं का फुलकारी और ढोल से स्वागत किया गया और बहूत सारी मस्ती धमाल हुई। सभी महिलाओ ने बाद चढ़ कर भाग लिया सभी एक्टिविटी में। इसमें मुख्य अतिथि रहे सुनीता खन्ना जी,सविता खींद्री जी प्रियंका यादव जी नैंसी घूमन जी,सरदार गुरदर्शन सिंह सैनी जी , राकेश गर्ग जी,डॉ. बीनू राव जी, नीहारिका गर्ग जी,अरुण ग्रोवर जी, नेहा शर्मा जी। इसमें मुख्य जजमेंट पर रहे मास्टर मैक जी, जानवी बंसल जी , प्रीति नारंग जी , विनीत जी। सेलिब्रिटी गेस्ट रहे फतेह म्यूजिक, सीता कौर, और मलकियत सिंह जी और टीम सहयोगी रहे पूजा राणा जी , गीत जी, अनीश जी , राजीव जी,मोहित सहोता जी, विष्णुपांडेय जी, तान्या मरवाहा जी, इवेंट मैनेजर आदि मौजूद रहे।





तीज मेले में महिलाओं ने लिया उत्साह पूर्वक भाग

हरियाणा का पैगाम, बलविन्द्र सिंह :

जीरकपुर। सहज क्लब की ओर से आयोजक प्रविंदर कौर बाजवा के नेतृत्व में होटल पारस में भव्य तीज मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब डेढ़ सौ से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में डेराबस्सी के अलावा खरड़, यमुनानगर, रोपड़ और लालडू सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से भी महिलाएं पहुंचीं।तीज मेले के दौरान पंजाबी सभ्याचार और पारंपरिक संस्कृति की खूबसूरत झलक देखने को मिली। महिलाओं, युवतियों और बुजुर्गों ने कार्यक्रम में जमकर आनंद लिया। ढोल, संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न गतिविधियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण संधारा देने की रस्म रही। संधारे की टोकरियों को बेहद खूबसूरती से सजाया गया था। प्रतिभागियों को गिफ्ट हैम्पर, आकर्षक गिफ्ट, 2-2 लीटर की फरूटी की बोतलें तथा ट्रॉफियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर लाइफ केयर फाउंडेशन से अफ्तार सिंह बेनीपाल तथा लालडू से सुभाष शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा राजन देव, गगन चावला (आई हील प्रोडक्शन), राजन एवं प्रिया मैम (स्टार एकेडमी) अनिल शर्मा हम बर्ड स्कूल जरिकपुर सहित कई कार्यक्रम में शामिल हुए सभी महिलाओं को संधारा गिफ्ट, मेकअप समान, 2 लीटर फरूटी, ट्रॉफी दी गई।































सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं



सभी प्रदेश व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं



Mohit Chawla,
IPS DIG, MHA
(Dy Inspector General)
HP Cadre

सभी प्रदेश व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं



Pawan Uppal
Bureau Chief
Yamuna Sandesh

निर्मल हस्पताल

NABH द्वारा प्रमाणित



प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई

Dr. Nirmal Singh
MD Physician
FIP, FICC, PG. DIABETOLOGY
REG.NUMBER MCI-31503

DR. MRS. ANU BENIWAL
BAMS, CHO Health Department Haryana
(Consultant GYNAE & OBST) Regd. No. 22903


FACILITIES

ICU
X-RAY
OXYGEN
D-FIBRILATOR
OPERATION THEATER
LABORATORY & GENERATOR

ECG
STEAM
NEBULIZER
CARDIAC MONITOR
NORMAL DELIVERY
INDOOR FACILITIES

OPP. MAIN BAZAR, CAMP, NEAR BYE PASS, YAMUNA NAGAR-135001
Mob.9813981388, 90500-17541

सभी प्रदेश व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं



Dr. Divya Mangla
Deputy CMO
Yamuna Nagar

सभी प्रदेश व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं



Dr. Anuj Mangla
Medical
Superintendent
Civil Hospital Jagadhri

भाजपा यमुनानगर की ओर से

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षा बंधन व जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



मदन चौहान
बीजेपी हरियाणा प्रदेश मंत्री

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं




विक्रांत ससौली
प्रदेश जनरल सेक्रेटरी किसान सेल
जिला सचिव भारतीय किसान यूनियन

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं



Sahil Uppal
Businessman

मॉडलिंग की दुनिया में इशविंदर सिंह ने रचा इतिहास, बने सबसे कम उम्र के पुरुष जज



मॉडलिंग की दुनिया में अपनी प्रतिभा और उपलब्धियों का परचम लहराने वाले प्रसिद्ध फैशन मॉडल इशविंदर सिंह ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर इतिहास के पन्नों में नाम दर्ज करा लिया है। इशविंदर सिंह को वर्ष 2026 में वर्ल्ड रिकार्ड यूनियन के वर्किंग एशिय बुक ऑफ रिकार्ड द्वारा मॉडलिंग की दुनिया में सबसे कम उम्र के पुरुष जज के खिताब से सम्मानित किया गया है। इशविंदर सिंह इससे पहले फैशन एवं मॉडलिंग के क्षेत्र में तीन बार राष्ट्रीय खिताब अपने नाम कर चुके हैं। अब जज के रूप में मिली इस अंतरराष्ट्रीय पहचान ने उनकी उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ दिया है।

कांग्रेस पार्टी की ओर से सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षा बंधन व जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



लक्ष्मण विनायक,
अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी
शहरी यमुनानगर

कांग्रेस पार्टी की ओर से सभी देश व प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

अकाश बत्तरा
युवा कांग्रेस नेता
एवं पूर्व जिला अध्यक्ष

श्याम सुंदर बत्तरा
पूर्व चेयरमैन जिला परिषद, यमुनानगर
एवं पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, यमुनानगर

STUCK IN YOUR CAREER?

Astrology helps you take the right decision at the right time.

- Career Growth & Clarity
- Better Decisions & Opportunities
- Right Timing for Success
- Personal Growth & Confidence
- Balanced Life & Peace of Mind



ASTROLOGER
ROMY
NAKSHATRA EXPERT

FOR CAREER CONSULTATION
CALL OR WHATSAPP
+91 93102 48615
+91 96258 15671

Incredible India

Approved by Ministry of Tourism Government of India

Gurmeet Chhatwal Founder
+91-98120-09159

CHHATWAL Tour's & Travels

Enjoy Dream Holiday



FLIGHTS HOTELS HOLIDAYS CRUISES BUS / TAXI

Travel | Explore | Discover

1, Patel Market, Model Town, Yamuna Nagar
Ph. : 01732-230899, 230970, 325078
Email : info@chhatwaltours.com

We Make Your Dream Holiday A Reality!

सभी जिला व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं



रमन त्यागी
विधान सभा, यमुनानगर

A Project By acorn
BUILDING TRUST. CREATING HOMES.

HRERA-PKL-YNR-560-202

Residential plots for sale

in Yamuna nagar

Plot Sizes : 115-180 Sq.Yd.

The Palm City
RESIDENTIAL HOMETOWN

Call Now:
+91 93153-32015



ARYELIA

DESIGN STUDIO

Designing Spaces. Defining Stories.

Arzoo Bansal
Interior Designer
(IED-Milano)

Aryelia Design Studio-Architects
SCO-522, First Floor, Sec-20, Panchkula & Mohali-134117
Contact : 7087867846 ♦ Email : aryeliadesigns@gmail.com

AMAR THE JEWELLERS

All that Glitter is gold here

हरियाणा का पैगाम के पहले प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं

Sundar Partap Narang
Contact : 93547-70707

Address : Near Mobile Mall,
Pyara Chowk, Yamuna Nagar




Liberty Sales Corp.
Mob. 98960-48053, 85140-00014

RAJU JEWELLERS

Ram Leela Ground, Dera Basi, Distt. Mohali

Hallmarked Diomond,
Gold, Silver Jewellery



Rajiv Verma
Mob. 98783-30007, 98722-33227

स्वामी, संपादक / प्रकाशन एवं मुद्रक सत्यम नागपाल, इम्प्रेशन प्रिंटिंग पैकजिंग लि0, प्लाट नं0 119/4 के.एम. जी.टी. रोड़, पीछे पी.पी. ऑटोमेटिव, करनाल, हरियाणा, पिन -132001, हरियाणा से मुद्रित तथा मकान नं0 367, एफ, प्रोफेसर कालोनी, यमुनानगर-135001 हरियाणा से प्रकाशित, मो0 93155-55560, पिन कोड 135001